## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

**दिनांक : 10.08.2025** **समय : 1905**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बैंगलुरू में तीन वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई।
- सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरगन ने कहा –प्रधानमंत्री के रेडियो कार्यक्रम मन की बात से हुई चौंतीस करोड़ रूपये की कमाई ।
- द्वीपसमूह में भाजपा अध्यक्ष के नेतृत्व में हर घर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।
- कार निकोबार में स्पाइस प्रवाह के तहत मुख्य सचिव ने मसाला रोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज बेंगलुरू में के एस आर रेलवे स्टेशन से तीन वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। इनमें बेंगलुरु–बेलगावी, माता वैष्णो देवी कटरा–अमृतसर और नागपुर–पुणे वंदे भारत रेलगाड़ियां शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने रागी गुड्डा के निकट आरवी रोड स्टेशन परयेलो लाइन मेट्रो सेवा का भी उद्घाटन किया, जो इलेक्ट्रोनिक सिटी को बोम्मनहल्ली से जोड़ती है। श्री मोदी ने रागी गुड्डा से इलेक्ट्रोनिक सिटी तक येलो लाइन मेट्रो में यात्रा भी की। इस दौरान उन्होंने बच्चों से बातचीत की। इस अवसर पर राज्यपाल थावरचंद गहलोत, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, रेल राज्य मंत्री वी. सोमन्ना और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। श्री वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री कर्नाटक में रेलवे के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं।

<><><><><><><>

प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात से न केवल लोग प्रेरित हो रहे है, बल्कि आकाशवाणी के राजस्व में भी वृद्धि हुई है। यह जानकारी सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल, मुरुगन ने शुक्रवार को राज्यसभा में दी। एक प्रश्न के लिखित जवाब में उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात ने चौंतीस दशमलव एक तीन करोड़ रुपये कमाए हैं। केन्द्रीय सूचना प्रसारण राज्य मंत्री के अनुसार मन की बात कार्यक्रम राष्ट्र निर्माण का एक सॉफ्ट टूल बन गया है, जो भारत की विविधता, दृढ़ता और सामाजिक प्रतिबद्धता का जश्न मनाने वाली कहानियों के माध्यम से जन चर्चा को आकार देता है। कार्यक्रम को एक बड़ा वर्ग प्रसार भारती के ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप सहित अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सुना जाता है।

<><><><><><><>

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की जीत को तीनों सेनाओं के बीच तालमेल और संचालनात्मक एकजुटता का प्रमाण बताया है। इक्कीसवें उच्च रक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम के प्रतिभागियों और कॉलेज ऑफ डिफेंस मैनेजमेंट, सिकंदराबाद में सीडीएस ने सशस्त्र बलों में रणनीतिक दृष्टिकोण पर विचार साझा किए और एकीकृत अभियानों के भविष्य की कार्य योजना को आकार देने के लिए अहम बिंदुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रौद्योगिकी–संचालित आधुनिक युद्ध में विघटनकारी परिवर्तनों से निपटने के लिए व्यापक क्षमता विकास, आत्मनिर्भरता और सेना में किए जा रहे परिवर्तनकारी बदलावों की गहरी समझ के महत्व पर बल दिया।

<><><><><><><>

अंडमान–निकोबार द्वीप समूह के भाजपा अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी के नेतृत्व हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह तिरंगा यात्रा मिडिल पॉइंट स्थित भाजपा कार्यालय से शुरु होकर अबरडीन बाजार स्थित श्यामा मुखर्जी पार्क में सम्पन्न हुई। हर घर तिरंगा यात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं सहित राजधानी श्री विजयपुरम् के तमाम नागरिकों ने भारी संख्या में भाग लिया। भाजपा अध्यक्ष श्री तिवारी ने कहा कि राष्ट्र के लिए प्राण न्योछावर करने वाले श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रेरणा और केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशन में द्वीपसमूह में हर घर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

<><><><><><><>

कार निकोबार की क्षेत्रीय कृषि टीम ने तापोइमिंग गाँव में किसान पैट्रिक जेरेमिया के खेत में स्पाइस प्रवाह के अंतर्गत सामूहिक मसाला रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस रोपण समारोह में मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार सहित अन्य कई अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम कार निकोबार के सभी गाँवों में मसाला खेती को अपनाने को प्रोत्साहित करेगा। मुख्य सचिव ने नारियल के पुराने बागानों के स्थान पर नए नारियल बागानों के विकास का प्रस्ताव रखा। उन्होंने सुझाव दिया कि जनजातीय परिषद के साथ मिलकर पुराने बागानों के स्थान पर मसालों को एक अंतर–फसल के रूप में अपनाने की योजना विकसित करें। उत्पाद की ब्रांडिंग और ओपन सेल आउटलेट बनाने का भी सुझाव दिया गया। इसके अतिरिक्त, कृषि और उद्योग विभाग कार निकोबार में कृषि प्रसंस्करण गतिविधि के लिए संयुक्त रूप से काम करेंगे। मुख्य सचिव ने किसान के खेत में जायफल के पौधे रोपने से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने किसाने को जायफल के पौधे भी वितरित किए। इस अवसर पर कार निकोबार की कृषि विज्ञान केंद्र टीम ने भी भाग लिया और स्थानीय किसानों द्वारा उगाई गई विभिन्न सब्जियों सहित जैविक आदानों का प्रदर्शन किया।

<><><><><><><>

देशभर के उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने और आत्महत्या की घटनाओं की रोकथाम के लिए गठित टास्कफोर्स ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित कौशल भवन मे अपनी आधिकारिक वेबसाइट ntf.education.gov.in लॉन्च की। यह वेबसाइट छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों, मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों और आम नागरिकों से सुझाव प्राप्त करने तथा डेटा एकत्रित करने का एक समर्पित मंच है। यह टास्कफोर्स सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर गठित की गई है और इसकी अध्यक्षता अवकाशप्राप्त न्यायमूर्ति एस. रवींद्र भट कर रहे हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह टास्कफोर्स किसी एक संस्थान या श्रेणी तक सीमित न होकर, देश के सभी प्रकार के उच्च शिक्षा संस्थानों को अपने दायरे में लाती है। उन्होंने कहा कि वेबसाइट के माध्यम से देशभर से प्रतिक्रिया और अनुभव जुटाए जाएंगे और प्राप्त सभी जानकारी पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। वेबसाइट पर छात्रों, अभिभावकों, फैकल्टी, मानसिक स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और संस्थानों के लिए अलग–अलग सर्वे हिन्दी और अंग्रेजी में उपलब्ध है। वेबसाइट पर हेल्पलाइन नंबर, छात्र सहायता संसाधन, शिकायत निवारण प्रक्रियाएं और संस्थानों द्वारा उठाए गए कदमों की जानकारी भी साझा की जा रही है। इच्छुक लोग वेबसाइट पर जाकर सर्वे में भाग ले सकते हैं और आत्महत्या की रोकथाम तथा मानसिक स्वास्थ्य सुदृढ़ीकरण के लिए अपने सुझाव साझा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

निकोबारी युवाओं के करियर के लिए परामर्श कार्यक्रम टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सभागार में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन कार निकोबार की जनजातीय परिषद द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य श्री विजयपुरम में विभिन्न व्यावसायिक और गैर–व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्रों के करियर के मार्गदर्शन करने के साथ–साथ उचित सलाह देना था। कार्यक्रम की शुरुआत क्राइस्ट चर्च के पैरिश प्रभारी रेवरेंड शिमशाई की भावपूर्ण प्रार्थना से हुई। इसके बाद निकोबारी कर्मचारी कल्याण संघ के पंजीकरण प्रमाणपत्र का अनावरण किया गया, जो कि समुदाय के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार निकोबार के चीफ कैप्टन लियोनाल्ड निकोमेड थे। इस कार्यक्रम में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और पॉक्सो अधिनियम पर जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। साइबर अपराध, नई शिक्षा नीति दो हजार बीस और निकोबारी संस्कृति के संरक्षण जैसे विषयों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में तीन सौ पचास से अधिक छात्रों ने भाग लिया। उप–प्रधानाचार्य जॉब ने मुख्य अतिथि और अन्य गणमान्य का स्वागत किया और क्रिस्टी विंसेंट ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

<><><><><><>